Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

**Q.1** प्लासी का युद्ध 1757 में रॉबर्ट क्लाइव के नेतृत्व वाली ब्रिटिश सेना एवं बंगाल के नवाब ___________ के बीच लड़ा गया था।

Ans
✔ 1. सिराज-उद-दौला (Siraj-ud-Daula)
✘ 2. सरफराज खान (Sarfaraz Khan)
✘ 3. अलीवर्दी खान (Alivardi Khan)
✘ 4. शाह आलम द्वितीय (Shah Alam II)

**Q.2** फ्रांसीसी भौतिक विज्ञानी सादी कार्नो ने किस वर्ष कार्नो इंजन बनाया, जो एक आदर्श ऊष्मा इंजन के रूप में कार्य करने के लिए ऊष्मागतिकी सिद्धांतों का उपयोग करता है?

Ans
✘ 1. 1813
✔ 2. 1824
✘ 3. 1820
✘ 4. 1830

**Q.3** मई 2025 में किस भारतीय संस्थान ने वैकल्पिक प्रतिजैविकी दवाओं की पहचान करके प्रतिसूक्ष्मजीवी प्रतिरोध का मुकाबला करने के उद्देश्य से एक AI उपकरण विकसित करने के लिए इन्रिया सैक्ले (Inria Saclay) के साथ सहयोग किया?

Ans
✔ 1. IIIT-दिल्ली
✘ 2. IIT मुम्बई
✘ 3. IISc बैंगलोर
✘ 4. IIT मद्रास

**Q.4** किस संविधान संशोधन द्वारा भारत में मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई?

Ans
✘ 1. छियासीवाँ संशोधन अधिनियम, 2002
✘ 2. चौवालीसवाँ संशोधन अधिनियम, 1978
✘ 3. बावनवाँ संशोधन अधिनियम, 1985
✔ 4. इकसठवाँ संशोधन अधिनियम, 1988

**Q.5** मई 2025 में भारत द्वारा नए लॉन्च किए गए उच्च-रिज़ॉल्यूशन, पूर्णतः स्वदेशी मौसम पूर्वानुमान प्लेटफ़ॉर्म का नाम क्या है?

Ans
✔ 1. भारत फोरकास्ट सिस्टम (Bharat Forecast System)
✘ 2. मौसम 2.0 (Mausam 2.0)
✘ 3. इंद्रनेट (IndraNet)
✘ 4. वर्षानेट (VarshaNet)


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
80,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
20,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** निम्नलिखित में से किस भारतीय अंग्रेज़ी लेखक ने काल्पनिक शहर मालगुडी की रचना की थी?

Ans
- ✗ 1. मुल्क राज आनंद
- ✗ 2. राजा राव
- ✓ 3. आर.के. नारायण
- ✗ 4. खुशवंत सिंह

**Q.7** भारत में भू-राजस्व अभिलेखों में भूमि को "कृषि योग्य बंजर भूमि (Culturable Wasteland)" कैसे परिभाषित किया गया है?

Ans
- ✗ 1. वृक्षों वाली फसल वाली भूमि
- ✗ 2. शहरी अवसंरचना भूमि
- ✓ 3. पाँच वर्षों से अधिक समय से परती भूमि
- ✗ 4. बंजर पथरीली भूमि

**Q.8** भारत के दक्षिण-पूर्व में निम्नलिखित में से कौन-सा देश स्थित है?

Ans
- ✗ 1. भूटान
- ✗ 2. नेपाल
- ✓ 3. श्रीलंका
- ✗ 4. चीन

**Q.9** निम्नलिखित में से किस वर्ष भारत में पहली ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई थी?

Ans
- ✗ 1. 1620
- ✗ 2. 1588
- ✗ 3. 1605
- ✓ 4. 1600

**Q.10** इनमें से किस भौतिक राशि का द्रव्यमान और समय आयाम शून्य होता है?

Ans
- ✗ 1. बल
- ✗ 2. कार्य
- ✓ 3. आयतन
- ✗ 4. संवेग

**Q.11** परियोजना 1135.6 के दूसरे जलपोत 'तवस्या' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, सत्य है?

Ans
- ✗ 1. इसका विस्थापन लगभग 4,500 टन है
- ✗ 2. इसका निर्माण रूस में हुआ था और बाद में इसे भारत स्थानांतरित कर दिया गया था
- ✗ 3. यह अनुवर्ती ऑर्डर का पहला जलपोत है
- ✓ 4. इसे 22 मार्च 2025 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में लॉन्च किया गया था

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत गारंटीकृत है?

Ans
- ✗ 1. सर्वोच्च न्यायालय जाने का अधिकार
- ✗ 2. अस्पृश्यता के विरुद्ध अधिकार
- ✓ 3. धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
- ✗ 4. संस्कृति और भाषा का अधिकार

**Q.13** पेरिस समझौता एक महत्वपूर्ण समझौता है जिसका उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग को ____________सेल्सियस से नीचे रखना है।

Ans
- ✓ 1. 2°
- ✗ 2. 3°
- ✗ 3. 4°
- ✗ 4. 1°

Adda247

**Q.14** कृषि में जल संरक्षण हेतु किस सिंचाई पद्धति को सर्वाधिक प्रभावी माना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. फ्लड (Flood)
- ✓ 2. ड्रिप (Drip )
- ✗ 3. स्प्रिंकलर (Sprinkler)
- ✗ 4. फरो (Furrow)

**Q.15** भारतीय उपमहाद्वीप में योजनाबद्ध नगर संरचनाओं के साथ सबसे प्राचीन ज्ञात नगरीय सभ्यता का पुरातात्विक साक्ष्य कौन-सा स्थल प्रदान करता है?

**Ans**
- ✓ 1. हड़प्पा
- ✗ 2. लोथल
- ✗ 3. मेहरगढ़
- ✗ 4. कालीबंगा

**Q.16** धन निष्कासन का सिद्धांत, औपनिवेशिक आर्थिक नीतियों की एक प्रमुख आलोचना थी। 19वीं शताब्दी के अंत में 'धन निष्कासन का सिद्धांत (Drain of wealth theory)' किसने प्रतिपादित किया था?

**Ans**
- ✗ 1. जवाहरलाल नेहरू
- ✓ 2. दादाभाई नौरोजी
- ✗ 3. महात्मा गांधी
- ✗ 4. गोपाल कृष्ण गोखले

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रमुख याम्योत्तर का सही देशांतरीय विस्तार है?

**Ans**
- ✓ 1. 0°
- ✗ 2. 180° E
- ✗ 3. 23.5° N
- ✗ 4. 90° E

**Q.18** मानव विकास में, जीवन में स्वतंत्रता, सुरक्षा और सम्मान भी शामिल है। प्रथम मानव विकास रिपोर्ट किस वर्ष प्रकाशित हुई थी?

**Ans**
- ✗ 1. 1971
- ✗ 2. 1980
- ✓ 3. 1990
- ✗ 4. 1995

**Q.19** सर्वोच्च न्यायालय ने अधिकरण (सुव्यवस्थीकरण एवं सेवा शर्तें) अध्यादेश, 2021 के कुछ प्रावधानों को रद्द कर दिया। न्यायालय ने किस प्रावधान को अमान्य घोषित किया?

**Ans**
- ✓ 1. अधिकरण के सदस्यों के लिए चार वर्ष की निश्चित कार्यकाल सीमा
- ✗ 2. यह अनिवार्यता कि सभी अधिकरण सदस्य उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हों
- ✗ 3. अधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील न किए जाने का नियम
- ✗ 4. सेवा मामलों के लिए प्रशासनिक अधिकरणों की स्थापना (जो संविधान में है)

**Q.20** RTI अधिनियम के तहत कौन-सा प्राधिकरण अपीलीय निकाय है?

**Ans**
- ✗ 1. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
- ✓ 2. केंद्रीय सूचना आयोग
- ✗ 3. लोकपाल
- ✗ 4. मुख्य सतर्कता आयोग

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थापत्य शैली, मुख्य रूप से मुंबई स्थित गेटवे ऑफ इंडिया (Gateway of India) से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. विक्टोरियन गोथिक (Victorian Gothic)
- ✗ 2. बौहोस (Bauhaus)
- ✗ 3. आर्ट डेको (Art Deco)
- ✓ 4. इंडो-सारसेनिक (Indo-Saracenic)

Q.22 रुशिकोंडा बीच, जिसे 2023 में ब्लू फ्लैग बीच प्रमाणन प्राप्त हुआ है, किस भारतीय राज्य में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. तमिलनाडु
- ✗ 2. केरल
- ✗ 3. गुजरात
- ✓ 4. आंध्र प्रदेश

Q.23 ज्ञान अर्थव्यवस्था में, मानव विकास के लिए डिजिटल साक्षरता अब आवश्यक है। भारत में ग्रामीण नागरिकों के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. भारतनेट (BharatNet)
- ✗ 2. पीएम-वाणी (PM-WANI)
- ✗ 3. डिजिटल इंडिया (Digital India)
- ✓ 4. पीएमजीदिशा (PMGDISHA)

Q.24 DRDO द्वारा विकसित कौन-सी मिसाइल, भारत की पहली स्वदेशी एयर-लॉन्च्ड एंटी-शिप (air-launched anti-ship) मिसाइल है?

Ans
- ✓ 1. NASM-SR.
- ✗ 2. ब्रह्मोस (BrahMos)
- ✗ 3. अस्त्र (Astra)
- ✗ 4. वरुणास्त्र (Varunastra)

Q.25 88वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. NJAC का गठन
- ✗ 2. GST की शुरुआत
- ✓ 3. सेवा कर का प्रावधान
- ✗ 4. प्रिवी पर्स का उन्मूलन

Q.26 कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट आपको एक साथ कई विशिष्ट फ़ाइलों या फ़ोल्डरों का चयन करने की अनुमति देता है?

Ans
- ✗ 1. Tab + Click
- ✓ 2. Ctrl + Click
- ✗ 3. Shift + Click
- ✗ 4. Alt + Click

Q.27 किस संवैधानिक संशोधन द्वारा राज्य मंत्रिपरिषद के आकार को सीमित कर दिया गया था?

Ans
- ✓ 1. 91वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2003
- ✗ 2. 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992
- ✗ 3. 61वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1988
- ✗ 4. 42वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1976

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए 24 फरवरी 1919 को गांधी जी ने किस निकाय का गठन किया था? | |
| Ans | ✗ 1. स्वराज सभा<br>✗ 2. खिलाफत समिति<br>✓ 3. सत्याग्रह सभा<br>✗ 4. कांग्रेस समिति | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | किस घटना को गांधीजी के राजनीतिक जीवन में निर्णायक मोड़ माना जाता है, जिसने उन्हें एक उदारवादी से एक जन नेता में बदल दिया? | |
| Ans | ✗ 1. रौलट एक्ट विरोध<br>✓ 2. चंपारण सत्याग्रह<br>✗ 3. नमक सत्याग्रह<br>✗ 4. जलियांवाला बाग हत्याकांड | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | इंडियन ओपन एथलेटिक्स 2025 में, किस भारतीय धावक ने 100 m और 200 m दोनों खिताब जीते? | |
| Ans | ✗ 1. हिमा दास<br>✗ 2. दुती चंद<br>✗ 3. अर्चना सुसींद्रन<br>✓ 4. श्राबनी नंदा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.31 | बेवरेज उद्योगों में शीतल पेय और सोडा जल की बोतलों को उच्च दाब पर क्यों सील किया जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. ताप बढ़ाने के लिए<br>✗ 2. हिमीकरण से रोकने के लिए<br>✗ 3. शर्करा की मात्रा कम करने के लिए<br>✓ 4. कार्बन डाइऑक्साइड की विलेयता बढ़ाने के लिए | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने किस ऐतिहासिक मामले में अनुच्छेद 201 के अंतर्गत आरक्षित राज्य विधेयकों को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृति देने के लिए तीन महीने की समय सीमा निर्धारित की थी? | |
| Ans | ✓ 1. तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल (2023)<br>✗ 2. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973)<br>✗ 3. एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ (1994)<br>✗ 4. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | 2025 में लॉन्च की गई Dx-EDGE पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? | |
| Ans | ✓ 1. MSME को डिजिटल उपकरणों और ज्ञान से सशक्त बनाना<br>✗ 2. ई-कॉमर्स व्यवसायों को विनियमित करना<br>✗ 3. भारत में विदेशी निवेश को बढ़ावा देना<br>✗ 4. बड़े निगमों को वित्तीय सहायता प्रदान करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | आप विंडोज में नया फ़ोल्डर कैसे बना सकते हैं? | |
| Ans | ✗ 1. कंप्यूटर को रीस्टार्ट करके<br>✓ 2. राइट-क्लिक कॉन्टेक्स्ट मेनू का उपयोग करके<br>✗ 3. सिस्टम डेट चेंज करके<br>✗ 4. टास्क मैनेजर ओपन करके | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | 29 अप्रैल 2025 को, भारत में एथलीट पुनर्वास और प्रदर्शन ट्रैकिंग (athlete rehabilitation and performance tracking) को बदलने के लिए राष्ट्रीय खेल विज्ञान व अनुसंधान केंद्र (NCSSR) में किस प्रमुख सुविधा का उद्घाटन किया गया? | |
| Ans | ✗ 1. नेशनल टैलंट स्काउटिंग विंग (National Talent Scouting Wing)<br>✗ 2. स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन रिसर्च लैब (Sports Nutrition Research Lab)<br>✓ 3. रिटर्न टु प्ले फैसिलिटी (Return to Play Facility)<br>✗ 4. एलीट कोचिंग एनालिटिक्स सेंटर (Elite Coaching Analytics Centre) | |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.36** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने मार्च 2025 में किस विषय (थीम) के अंतर्गत अखिल भारतीय वॉकथॉन का आयोजन किया?

**Ans**
- ✗ 1. भू-विज्ञान: जलवायु परिवर्तन के रहस्यों को उजागर करना (Geoscience: Unlocking the Secrets of Climate Change)
- ✗ 2. भू-विज्ञान सर्वत्र (Geoscience Everywhere)
- ✓ 3. सुरक्षित विश्व के लिए भू-विज्ञान (Geoscience for a Safe World)
- ✗ 4. भू-विज्ञान पृथ्वी एवं लोगों के लिए नवाचार (Geoscience Innovating for Earth and People)

**Q.37** निम्नलिखित में से कौन दीन दयाल उपाध्याय - ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए पात्र हैं?

**Ans**
- ✗ 1. जिनकी आयु 15 से 25 वर्ष के बीच है
- ✗ 2. जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है
- ✓ 3. जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष के बीच है
- ✗ 4. जिनकी आयु 25 से 55 वर्ष के बीच है

**Q.38** दीपिका कुमारी ने 2025 शंघाई विश्व कप में किस खेल में अपना 12वां व्यक्तिगत विश्व कप पदक जीता?

**Ans**
- ✓ 1. तीरंदाजी
- ✗ 2. टेबल टेनिस
- ✗ 3. निशानेबाज़ी
- ✗ 4. बैडमिंटन

**Q.39** किस देश ने आर्थिक अशांति (economic unrest) के बीच गठबंधन सरकार के पतन के बाद संघीय चुनाव आयोजित किया?

**Ans**
- ✗ 1. इटली
- ✓ 2. जर्मनी
- ✗ 3. फ्रांस
- ✗ 4. स्पेन

**Q.40** किस भारतीय कलाकार ने भारत की विविधता से प्रेरित जलरंग कला का प्रदर्शन करके कान्स (Cannes) 2025 में अपनी शुरुआत की?

**Ans**
- ✓ 1. परेश मैती
- ✗ 2. जितिश कल्लत
- ✗ 3. अनीश कपूर
- ✗ 4. सुबोध गुप्ता

Adda247

Section : **Mathematics**

**Q.1** $\frac{3}{4}+\left(\frac{1}{1+\frac{3}{7}}\right)-\frac{3}{4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $\frac{2}{11}$
- ✓ 2. $\frac{7}{10}$
- ✗ 3. $\frac{5}{16}$
- ✗ 4. $\frac{16}{19}$

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.2 वह सबसे बड़ी छह अंकीय संख्या कौन-सी है जिसे 3, 5, 7 और 9 से विभाजित करने पर क्रमशः 1, 3, 5 और 7 शेष बचते हैं?

Ans
- ✗ 1. 999685
- ✗ 2. 999998
- ✓ 3. 999808
- ✗ 4. 999893

Q.3 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$2(4x^2 - 6) - 4(2x^2 + 9x - 3) = 18$

Ans
- ✓ 1. $-\frac{1}{2}$
- ✗ 2. $\frac{3}{2}$
- ✗ 3. $-\frac{5}{2}$
- ✗ 4. $-\frac{9}{2}$

Q.4 ईशा किसी निश्चित कार्य को 22 दिनों में पूरा कर सकती है। ईशा और स्मृति मिलकर उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा ईशा, स्मृति और अश्लेषा मिलकर उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकती हैं। ईशा और अश्लेषा उसी कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकती हैं?

Ans
- ✗ 1. $\frac{61}{5}$
- ✓ 2. $\frac{55}{3}$
- ✗ 3. $\frac{49}{4}$
- ✗ 4. $\frac{64}{3}$

Q.5 50 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 39 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $\frac{100}{11}$% लाभ
- ✗ 2. 22% लाभ
- ✓ 3. 22% हानि
- ✗ 4. $\frac{100}{11}$% हानि

Q.6 $47^{-11} \div 47^{16} \times 47^{-10}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $47^{-27}$
- ✗ 2. $47^{-44}$
- ✗ 3. $47^{-35}$
- ✓ 4. $47^{-37}$

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.7 X, Y और Z ने क्रमशः 32 : 40 : 68 के अनुपात में धनराशि का निवेश किया। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में कुल ₹3,210 का लाभ अर्जित किया, तो Y और Z के हिस्सों के बीच कितना अंतर है?

Ans
1. ₹742
2. ₹777
3. ₹771
4. ₹642 ✔

Q.8 प्रथम 158 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 159 ✔
2. 159.5
3. 160
4. 158.5

Q.9 संख्या 966181 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 36
2. 38
3. 30
4. 37 ✔

Q.10 यदि पहली संख्या का 38%, दूसरी संख्या के $\frac{2}{7}$ के बराबर है, तो पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 100 : 133 ✔
2. 103 : 132
3. 96 : 131
4. 101 : 129

Q.11 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 87% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और 5% मत अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 52% प्राप्त हुआ तथा उसने 1653 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। कुल कितने मतदाता पंजीकृत थे?

Ans
1. 50000 ✔
2. 50001
3. 49998
4. 50003

Q.12 यदि किसी गोले की त्रिज्या 2.8 cm है, तो उसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
1. 95.32 $cm^2$
2. 98.56 $cm^2$ ✔
3. 97.52 $cm^2$
4. 91.28 $cm^2$

Q.13 ऋतिक और संजय ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹62,400 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹15,600 के कुल लाभ में से संजय का हिस्सा ₹1,900 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
1. ₹47,000
2. ₹46,800
3. ₹46,200
4. ₹47,200 ✔

Q.14 दो क्रमागत विषम प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का योग 34 है। संख्याओं का योग कितना है?

Ans
1. 24
2. 8
3. 28
4. 18

Q.15 दिया गया है कि $54^{0.2} = x$, $54^{0.47} = y$ और $x^z = y^3$ है, तो z का मान _________ के सन्निकट है।

Ans
1. 9.48
2. 7.05
3. 6.54
4. 6.17

Q.16 निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
67, 75, 81, 70, 65, 61, 65, 84, 75, 76, 85, 89, 62, 84, 72, 74, 89, 68, 83, 60, 82, 82, 66, 77, 75

Ans
1. 70
2. 81
3. 75
4. 67

Q.17 सपना ने ₹22,800 की धनराशि में से आंशिक धनराशि 14% वार्षिक साधारण ब्याज दर और आंशिक धनराशि 7% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर निवेश की। यदि वह 6 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज अर्जित करती है, तो 14% वार्षिक साधारण ब्याज दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7,597
2. 7,600
3. 7,603
4. 7,599

Q.18 शान ने कुछ शार्पनर ₹150 प्रति दर्जन की दर से खरीदे। उसने उन्हें ₹19 प्रति शार्पनर की दर से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______% है।

Ans
1. 54
2. 52
3. 56
4. 50

Q.19 यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹9,828 है, और ब्याज की दर 12% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹73,125
2. ₹73,520
3. ₹72,185
4. ₹73,475

Q.20 ट्रेन A, स्टेशन M से 6:45 AM निकलती है और उसी दिन 3:45 PM स्टेशन N पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 8:45 AM निकलती है और उसी दिन 2:45 PM स्टेशन M पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12:23 PM
2. 11:53 AM
3. 11:33 AM
4. 11:13 AM

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | एक खोखला गोलाकार खोल 7 g/cm$^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएँ क्रमशः 1 cm और 2 cm हैं। खोल का भार (ग्राम में) कितना है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए तथा अपने उत्तर को निकटतम ग्राम तक पूर्णांकित कीजिए) | |
| Ans | ✗ 1. 273<br>✓ 2. 205<br>✗ 3. 214<br>✗ 4. 221 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 3 और 672 है। यदि इनमें से एक संख्या 96 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 48<br>✗ 2. 3<br>✓ 3. 21<br>✗ 4. 94 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | 65% और 24% की दो क्रमिक छूटें, _______ की एकल छूट के बराबर होंगी। | |
| Ans | ✗ 1. 77%<br>✗ 2. 76.6%<br>✓ 3. 73.4%<br>✗ 4. 74.5% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | $\triangle$ABC में, D पर BD $\perp$ AC है और $\angle$DBC = 65° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि $\angle$CAE = 48° है। $\angle$AEB की माप कितनी है? | |
| Ans | ✓ 1. 73°<br>✗ 2. 76°<br>✗ 3. 77°<br>✗ 4. 79° | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने पर 2740 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 685<br>✓ 2. 1370<br>✗ 3. 2740<br>✗ 4. 4110 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | A किसी कार्य को 11 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 19 दिनों में कर सकता है। यदि वे 6 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा? | |
| Ans | ✓ 1. $\frac{29}{209}$<br>✗ 2. $\frac{26}{209}$<br>✗ 3. $\frac{32}{209}$<br>✗ 4. $\frac{24}{209}$ | |

Adda247 GET IT ON Google Play

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.27** एक व्यक्ति 72 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 4.9 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 5.68 km
2. 5.88 km ✓
3. 6.91 km
4. 6.29 km

**Q.28** P की वर्तमान आयु का चार गुना, Q की वर्तमान आयु से 19 वर्ष अधिक है। 7 वर्ष बाद, Q की आयु का दोगुना, उस समय P की आयु के सात गुने से 47 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 85 ✓
2. 86
3. 91
4. 79

**Q.29** एक दुकानदार ने थोक विक्रेता से 35% और 5% की दो क्रमिक छूटें प्राप्त करने के बाद ₹1,600 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु खरीदी। दुकानदार ने फिर अंकित मूल्य में इस प्रकार बदलाव किया कि 5% की छूट देने के बाद उसे 25% का लाभ हो सके। उसने वस्तु का अंकित मूल्य कितना रखा?

**Ans**
1. ₹1,200
2. ₹1,235
3. ₹1,300 ✓
4. ₹1,388

**Q.30** निम्नलिखित को हल कीजिए:
$(\mathrm{cosec}23^\circ - \sin 23^\circ)(\tan 23^\circ + \cot 23^\circ)(\sec 23^\circ - \cos 23^\circ)$

**Ans**
1. $0$
2. $\sin 23^\circ$
3. $1$ ✓
4. $\tan 23^\circ$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '–' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

80 × 16 − 2 ÷ 12 + 4 = ?

**Ans**
1. 51 ✓
2. 47
3. 55
4. 59

**Q.2** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 9 @ # 8 £ 4 & $ 7 2 * 5 Ω % 6 1 % & 3 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अन्य संख्या है?

**Ans**
1. दो से अधिक
2. एक भी नहीं
3. दो ✓
4. एक

Adda247

Q.3 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: सभी कौवे, गौरैया हैं। कोई भी कौवा, कबूतर नहीं है।

निष्कर्ष (I): कोई गौरैया, कबूतर नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ कबूतर, कौवे हैं।

Ans
1. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। ✗
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✗
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✓
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✗

Q.4 यदि संख्या 7312648 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
1. 5 ✗
2. 11 ✗
3. 7 ✗
4. 9 ✓

Q.5 A, H का भाई है। H, R की माता है। R, M का पुत्र है। G, M की माता है। A का M से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्र की पत्नी का पिता ✗
2. पुत्र की पत्नी का भाई ✗
3. पुत्र का पुत्र ✗
4. पत्नी का भाई ✓

Q.6 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

WUP : YYS
OPU : QTX

Ans
1. XQO : ZTS ✗
2. PUX : RYZ ✗
3. RUV : TYZ ✗
4. UQQ : WUT ✓

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. VPX ✗
2. RLT ✗
3. XRY ✓
4. TNV ✗

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

WIX 15 TKV 12 QMT 9 NOR 6 ?

Ans
1. PKG 2 ✗
2. KGS 1 ✗
3. KQP 3 ✓
4. QKJ 4 ✗

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/ 13 में से घटाना/ 13 से गुणा करना आदि, की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(32, 497, 23)<br>(20, −19, 1) | |
| Ans | ✗ 1. (21, 40, 8)<br>✓ 2. (3, 222, 15)<br>✗ 3. (18, −17, 2)<br>✗ 4. (3, 3, 3) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>318 263 213 168 128 ? | |
| Ans | ✓ 1. 93<br>✗ 2. 65<br>✗ 3. 79<br>✗ 4. 106 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे व्यक्तियों की एक पंक्ति में, नीमा बाएं छोर से 17वें स्थान पर है। दीना बाएं छोर से 27वें स्थान पर है। दीना ठीक नीमा और उमा के बीच में है। यदि उमा पंक्ति के दाएं छोर से 13वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं? | |
| Ans | ✗ 1. 48<br>✗ 2. 50<br>✗ 3. 47<br>✓ 4. 49 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | टाउन Q, टाउन R के दक्षिण में है। टाउन S, टाउन R के पूर्व में है। टाउन T, टाउन S के उत्तर में है। टाउन U, टाउन T के पूर्व में है। टाउन V, टाउन U के उत्तर-पूर्व में है। टाउन Q के संबंध में टाउन V की स्थिति क्या है? | |
| Ans | ✓ 1. उत्तर-पूर्व<br>✗ 2. दक्षिण-पश्चिम<br>✗ 3. दक्षिण-पूर्व<br>✗ 4. दक्षिण | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ 1. AGB<br>✗ 2. EKF<br>✗ 3. CID<br>✓ 4. IOK | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | सात व्यक्ति, I, J, K, L, M, N और O, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O के दाईं ओर केवल I बैठा है। O और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J, K के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन L के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। L और K के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✗ 1. चार<br>✗ 2. एक<br>✗ 3. दो<br>✓ 4. तीन | |

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 यदि संख्या 36719542 के प्रत्येक सम अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 6
✗ 3. 4
✓ 4. 9

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी हवेलियाँ, फ्लैट हैं।
सभी फ्लैट, इमारतें हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फ्लैट, हवेलियाँ हैं।
(II) सभी इमारतें, हवेलियाँ हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.17 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

103, 1000, 9970, 99670, 996670, ?

Ans
✗ 1. 9996670
✗ 2. 9999670
✗ 3. 9966667
✓ 4. 9966670

Q.18 श्रुति बिंदु A से चलना शुरू करती है और 2 km पश्चिम की ओर दौड़ती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 1 km दौड़ती है। वह फिर से बाएं मुड़ती है और 7 km दौड़ती है। फिर वह अंतिम बार बाएं मुड़ती है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 1 km दौड़ती है। बिंदु A तक फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (निकटतम दूरी) और किस दिशा में दौड़ना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 7 km पूर्व
✗ 2. 2 km पश्चिम
✓ 3. 5 km पश्चिम
✗ 4. 5 km पूर्व

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. NRM
✓ 2. LPJ
✗ 3. RVQ
✗ 4. UYT

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से BGSN का संबंध XLOS से है। उसी तरीके से, TQKX का संबंध PVGC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से LACH का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. GFYL
✗ 2. GEZN
✗ 3. FGXO
✓ 4. HFYM

Q.21 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LACE' को '5689' के रूप में और 'LEAK' को '5786' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 5
2. 8
3. 6
4. 7 ✔

Q.22 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। D के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर B बैठा है। A के दाईं ओर लेकिन D के बाईं ओर F बैठा है। C के दाईं ओर लेकिन G के बाईं ओर E बैठा है। F के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो
2. पांच
3. तीन
4. चार ✔

Q.23 यदि संख्या 6274385 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाएं से तीसरा होगा?

Ans
1. 9
2. 1 ✔
3. 3
4. 5

Q.24 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) € 5 & % 2 7 5 & % 7 8 @ 9 5 $ & # $ @ 2 9 © (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 4
2. 2
3. 3 ✔
4. 5

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, AWER एक निश्चित तर्क के अनुसार HDLY से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, CYGT का संबंध JFNA से है। समान तर्क के अनुसार XTBO दिए गए विकल्पों में किससे संबंधित है?

Ans
1. EVAI
2. EAVI
3. EAIV ✔
4. EVIA

Q.26 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

EBF 11, JGK 17, OLP 23, TQU 29, ?

Ans
1. YVZ 35 ✔
2. WUZ 35
3. YUV 35
4. WVZ 24

| | | |
|---|---|---|
| Q.27 | उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे 42 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, सोमा दाएं छोर से 17वें स्थान पर है। यदि अमित, सोमा के बाएं 9वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के बाएं छोर से अमित का स्थान कौन-सा है? |
| Ans | ✗ 1. 16वां<br>✓ 2. 17वां<br>✗ 3. 18वां<br>✗ 4. 19वां |

| | | |
|---|---|---|
| Q.28 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>10, 30, 90, 270, ?, 2430 |
| Ans | ✗ 1. 720<br>✗ 2. 1080<br>✗ 3. 540<br>✓ 4. 810 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.29 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DUAL' को '4629' और 'ARCS' को '1435' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा? |
| Ans | ✓ 1. 4<br>✗ 2. 5<br>✗ 3. 1<br>✗ 4. 2 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.30 | उत्तर की ओर अभिमुख बैठे होकर 46 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, ललिता बाएं छोर से 17वें स्थान पर बैठी है। यदि दामिनी के दाएं केवल 15 व्यक्ति बैठे हैं, तो दामिनी और ललिता के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. 16<br>✓ 2. 13<br>✗ 3. 15<br>✗ 4. 17 |

Adda247